# अगले 3 दिनों तक अधिकतम तापमान में नहीं होगा बदलाव

## 38.9 डिग्री पहुंचा झारखंड का पारा

**रांची।** झारखंड में अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 15.5 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। इसलिए लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में झारखंड के न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जाएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि महज 3 दिन में तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। रांची के हिनू स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि रविवार को आसमान साफ और मौसम शुष्क रहा। अगले 3 दिन तक अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद 2 दिन में इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक ने यह भी बताया है कि राज्य में अगले 2 दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने के संकेत नहीं हैं। इसके बाद 3 दिन में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेंटीग्रेड तक की गिरावट हो सकती है।

### बहरागोड़ा का उच्चतम तापमान 38.9 डिग्री सेंटीग्रेड हुआ

पिछले 24 घंटे की बात करें, तो राज्य में सबसे अधिक उच्चतम तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में रिकॉर्ड किया गया। यहां का उच्चतम तापमान 38.9 डिग्री दर्ज किया गया। झारखंड में सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेंटीग्रेड हजारीबाग में दर्ज किया गया। राजधानी रांची के तापमान की बात करें, तो 2 मार्च को हिनू का उच्चतम तापमान 33.3 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। नामकुम में उच्चतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया है।

### रांची का न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री अधिक

रांची का उच्चतम तापमान रविवार को सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक रहा, तो न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री अधिक हो गया है। जमशेदपुर का उच्चतम पारा 37.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.8 डिग्री अधिक है। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री है, जो सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री है, जो सामान्य से 3.1 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक है। बोकारो के उच्चतम तापमान कती बात करें, तो यह 33.8 डिग्री सेंटीग्रेड रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। यहां का न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है, जो सामान्य से 6.2 डिग्री अधिक है। चाईबासा का उच्चतम पारा 37.1 डिग्री हो गया है, जो सामान्य से 7.1 डिग्री अधिक है। यहां का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेंटीग्रेड है, जो सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक है।

## रमजान नुल मुबारक

### रमजान में जरुरी है नमाज पढ़ना



प्रो. शाहिद हसन

रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। रमजान में सभी इस्लाम धर्मावलंबियों के द्वारा रोजा रखा जाता है। रमजान और इसलाम की मूल अवधारण के बारे में बताते हुए प्रो शाहिद हसन ने कहा कि इस्लाम एक अरबी भाषा का शब्द है जिसके दो अर्थ हैं- पहला अर्थ शांति है तथा दूसरा अर्थ पूर्ण समर्पण है, अर्थात इस्लाम का सीधा संबंध शांति से जुड़ा है। इसमें हिंसा को कभी तरजीह नहीं दी गई है, जहां तक समर्थन करने का प्रश्न है इस्लाम यह सिखाता है कि अल्लाह के प्रति पूर्ण समर्पण जरुरी है। उन्होंने कहा इस्लाम को समझने के लिए इन बिन्दुओं का समझना जरुरी है- एक अल्लाह को माना जाता। अल्लाह द्वारा भेजी किताब कुरान' पर यकीन होना जरूरी है। अल्लाह के पैगम्बर पर यकीन रखा जाए। भाग्य या तकदीर पर यकीन होना चाहिए। मरने के बाद पुनः दुनिया के कर्मों का हिसाब अल्लाह के समक्ष आखिर में होना निश्चित है। ईमान के उपरोक्त आयामों के साथ साथ दैनिक जीवन में भी अमल में या व्यवहार में लाना जरुरी है। सिर्फ एक अल्लाह पर इमां लाना, और उसकी भेजी गई किताब के अनुसार जिन्दगी गुजारना और पैगम्बर मोहम्मद को अंतिम नबी मनना, नमाज पढना, दान करना, रोजा रखना। ईमान इसलाम धर्म का ज्ञानात्मक एवं भावनात्मक पक्ष है जबकि ईमान पर अमल करना इसका व्यावहारिक पक्ष है, ये दोनो एक दूसरे से जुड़े हुए है। हम अल्लाह के सिवा किसी दूसरे की इबादत करते हैं तो हम मुसलमान नहीं हो सकते। रोजा रखें और नमाज न पढ़ें तो मेरी इबादत अधूरी रह जाएगी। मरने के बाद मेरे पुण्य का हिसाब होगा या नहीं इसे हम नहीं मानते हैं तो हम दीन से दूर चले गए हैं। यदि हम अपनी सम्पति का 2.5 प्रतिशत नहीं निकालते है तो हम इस्लाम के नियम के विरुद्ध काम कर रहे हैं।

# श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में 196 वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण

## 2500 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

● भजन- कीर्तन में खूब झूमे श्रद्धालु




पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 196 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की वरिष्ठ सदस्य मीरा अडूकिया, ओमप्रकाश अडूकिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से तथा श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों के द्वारा अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारे में पूड़ी- आलू चना टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में 2500 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात भजन संकीर्तन का आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं निर्मल जालान ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। गुरु महाराज की जन सेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 53 वर्ष पूरे होने उपलक्ष्य में एवं परमहंस डॉ.संत सदानंद महाराज के शिष्यों ने आज ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की देखरेख में जरूरतमंदों अभावग्रस्त ग्रामीणों एवं मंदिर के आसपास रहने वाले श्रद्धालुओं को भोजन कराकर एवं उपयोगी सामग्री देकर सेवा की गई। उक्त जानकारी ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी। मौके पर डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश चौधरी, पूरणमल सर्राफ, नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान , सुरेश भगत, ओम प्रकाश सरावगी, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार,शिव भगवान अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल,अमिता जालान, अग्रवाल,शोभा जालान, सुनिता पुरोहित, ज्ञान प्रकाश शर्मा, परमेश्वर साहू, धीरज कुमार गुप्ता, महेश वर्मा, चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## कीटनाशक विक्रेताओं के उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# कीटनाशकों के उपयोग की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची



नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा जिले के कीटनाशक विक्रेताओं के लिए दो दिवसीय उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान कीटनाशक विक्रेताओं को सीआईपीएमसी के प्रभारी अधिकारी, वनस्पति संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एचपी ने वर्जित ग्लाइफोसेट का सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग एवं भारत में कीटनाशकों के उपयोग को विनियमित करने में सीआईबीआरसी/सीआईएल/एसआईएल की भूमिका, महत्व और कार्य के विषय पर जानकारी प्रदान की। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी सुनीता रंजनी लकड़ा एवं गीता एस द्वारा क्रमशः बीजोपचार के महत्व तथा कीटनाशकों के प्रमुख उपयोगः पंजीकृत/ प्रतिबंधित/ प्रतिबंधित कीटनाशकों के बारे में जानकारी दी गई। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी संदीप सालवे द्वारा आईपीएम के यांत्रिक विधियां एवं मानव जाति पर कीटनाशकों का दुष्प्रभाव पर प्रदर्शनी सहित जानकारी दी गई। तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन ने फलों एवं लत्तरवाली सब्जी में लगने वाली फलमक्खी के प्रबंधन के लिए ल्योर बनाने की विधि एवं एनपीएसएस ऐप की के बारे में बताया। इन दो दिनों में कीटनाशक विक्रेताओं को कीटनाशक अधिनियम, कीटनाशक नमूना लेने की प्रकिया, पंजीकृत कीटनाशक डीलर या खुदरा विक्रेता की जिम्मेदारी, कीटनाशकों के सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग का महत्व, भारत में आईपीएम का परिदृश्य तथा राज्य में कीटनाशक लाइसेंसिंग प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक सीआईपीएमसी रांची के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी एवं बीटीएम प्रदीप सरकार द्वारा दी गई।

### डोरंडा कॉलेज में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम

**रांची।** डोरंडा कॉलेज के बीएड विभाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर रविवार को प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन डॉ एमलीन केरकेट्टा के नेतृत्व में किया गया। इसमें बीएड विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडली में डॉ कुमकुम कुमारी व नमिता शामिल थीं।

# डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन के वॉकोथॉन में दौड़ी महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिका से रविवार को वॉकोथॉन और पैदल यात्रा का आयोजन किया। सुबह 6:30 बजे वॉकोथॉन शुरू हुआ, जो तीन किलोमीटर का था। इस दौड़ में दवा सदस्यों के अलावा शहर की महिलाओं ने भाग लिया। दवा की पहली वॉकथन को मीरा मुंडा, चेयरपर्सन विनीता शरण व फाउंडर एंड को चेयरपर्सन झूमा सरकार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दवा की अध्यक्ष आरती सिंह ने इसके उद्देश्य के बारे में बताया कि सशक्त नारी ही सशक्त विश्व का निर्माण कर सकती है। साथ ही साथ अच्छे भविष्य के लिए खुद पर भरोसा रखते हुए स्वस्थ जीवनशैली की जानकारियां दीं। मौके पर सचिव अंजू सिंह, डॉक्टर रेणुका सिन्हा मौजूद थीं।

## मुंडारी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

# झारखंड आदिवासी विकास समिति ने निकाली पदयात्रा

नवीन मेल संवाददाता। रांची




मुंडारी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर झारखंड आदिवासी विकास समिति की ओर से रविवार को पदयात्रा निकाली गई। समिति के महानगर अध्यक्ष अमित मुंडा के नेतृत्व में पारंपरिक ढोल, भेर, नगाड़ों के साथ पदयात्रा बहूबाजार चौक से चुटिया मेन रोड होते हुए मुंडा गढ़ा तक गई। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक ने पदयात्रा का स्वागत किया। मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने कहा कि रांची एवं इसके आसपास और झारखंड में लगभग सभी गांव-टोला, पहाड़-नदी का नाम मुंडारी भाषा में ही है, जो धीरे-धीरे अपभ्रंश होकर बदलते जा रहे हैं। केंद्र सरकार की उदासीनता की वजह से मुंडारी भाषा लुप्त होती जा रही है। भाषा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि अविलंब मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। अमित मुंडा ने कहा कि मुंडारी भाषा भारत की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है। इसके संरक्षण संवर्धन के लिए जरूरी है कि संविधान की आठवीं अनुसूची में इसे शामिल किया जाए।

झारखंड आदिवासी विकास समिति ने मांग किया कि रांची रेलवे स्टेशन का नामकरण मुंडाओं के अंतिम महाराजा मदरा मुंडा के नाम पर हो। साथ ही एयरपोर्ट सहित सभी सरकारी कार्यालय का नाम हिंदी इंग्लिश के साथ मुंडारी लिपि में भी हो। इसके अलावा चुटिया नागपुर का इतिहास सामने लाने के लिए पुरातात्विक सर्वेक्षण करने की भी जरूरत है। कार्यक्रम में बलेश नायक, मनोज मुंडा, विक्की मुंडा, सौरभ मुंडा, बेदाग भेंगरा, सिलास टोपनो, दीपक सुरीन, गोविंद नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आज / कल




# हेहल स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर का 18 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता। रांची



इटकी रोड के हेहल स्थित एनसी गली में मां वैष्णो देवी मंदिर का 18 वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता सरयू शर्मा ने किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र क्लब ग्रुप के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, विश्वकर्मा समाज के राजेश शर्मा, हीरालाल विश्वकर्मा, साहू एंड संस के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, पप्पू ट्रैवल के निदेशक पप्पू कुमार आदि मौजूद थे। वार्षिक उत्सव समारोह में मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश पांडे ने विधि विधान से पूजा अर्चना, हवन एवं महाआरती कराई एवं संध्या में भजन, कीर्तन एवं महाभंडारे के साथ कार्यक्रम की समापन हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से केपी यादव, सरयू शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, विजय प्रसाद, माधुरी देवी, रामाकांत शर्मा, स्वीटी शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुदामा शर्मा, श्रुति शर्मा, मुनी देवी, सविता देवी, प्रतिमा देवी, अंशु राय, चंपा देवी, संतोष शर्मा, सत्यानंद शर्मा आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# रांची महानगर 151 स्थानों पर मनाएगा रामोत्सव : विहिप

नवीन मेल संवाददाता। रांची



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची महानगर की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने की, जबकि संचालन महानगर मंत्री विश्वरंजन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के क्षेत्र सहमंत्री डॉ. वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी कार्यक्रम रामोत्सव को 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मनाने का निर्णय लिया गया। महानगर अंतर्गत सभी 16 नगरों में कार्यक्रम करने के लिए तथा 12 अप्रैल को बलोपासना दिवस के रूप में रांची महानगर के 151 स्थान पर कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई। रांची महानगर के सभी नगरों की बैठक सात, आठ एवं नौ मार्च को तय की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के कालखंड में भगवान पुरुषोत्तम श्री रामलला का भव्य एवं नूतन मंदिर में स्थापित होना सनातन हिंदू समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि षष्ठीपूर्ति वर्ष में ही महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक सनातन हिंदू जनमानस का एकत्र होना हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का बड़ा उद्घोष के समान है। डॉ. साहू ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यों को जन-जन तक ले जाने के लिए समिति बनाने एवं निश्चित कार्यक्रम को करने का आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सेवा सहप्रमुख अशोक अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, सहमंत्री राजेश अग्रवाल और सुमन जी, सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गिरी, सेवा प्रमुख श्वेता सिंह, महानगर बजरंग दल संयोजक विक्रम साहू, अजय राजगढ़िया सहित अन्य उपस्थित थे।



## एक नजर

### सरहुल पर्व को लेकर हुई बैठक

**ठाकुरगांव।** शनिवार को केंद्रीय सरना समिति गिजो ठाकुर गांव रांची झारखंड केंद्रीय कार्यालय में सरहुल परब को लेकर एक आवश्यक बैठक रखा गया, जिसकी अध्यक्षता श्री बबलू उरांव के द्वारा आगामी 2 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय केंद्रीय समिति से लिया गया एवं नशा पान से दूर रहकर इस मिलन समारोह को सफल बनने पर विचार विमर्श हुआ एवं पूरे बुढ़मू क्षेत्र से जो खोडहा टीम अपने पारंपरिक वेशभूषा ढोल नगाड़ा के साथ में आए और इस शोभायात्रा को सफल बनाएं। इस मौके पर सचिव मदन महली, कोषाध्यक्ष शिव शंकर उरांव, उपाध्यक्ष सीताराम मुंडा, उपसचिव सीताराम उरांव, कोषाध्यक्ष उप कोषाध्यक्ष विक्की मुंडा एवं सक्रिय सदस्य सहदेव उरांव, करमा उरांव, नागों उरांव, रतन उरांव, मनोज उरांव, किशोर उरांव, बिगन मुंडा, महावीर मुंडा, राम सुंदर, लोहार, घूरन लोहार, दिलीप महली उरांव, रूपेश पहान, बसंत पहन, कैलाश मुंडा, दुर्गा उरांव, किशोर उरांव इत्यादि उपस्थित थे।

फिर शुरू हुआ खलारी में निर्माणाधीन फिल्टर प्लांटों का कार्य


# खलारी के आठ पंचायतों में होगी जलापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
जल जीवन मिशन के 'हर घर नल जल योजना' के तहत खलारी प्रखंड के लपरा, चूरी-राय व तुमांग में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निमार्णाधीन फिल्टर प्लांट का कार्य कई महीनों के बाद फिर शुरू हो गया है। 'हर घर नल जल योजना' के तहत 2024 में ही हर घर में नल से जल पहुंचाना था। अब समय सीमा बढ़ाकर 2026 कर दी गई है। बताया जा रहा है कि फंड की उपलब्धता नहीं होने से कार्य बंद था। लपरा में 1.7 मिलियन लीटर प्रति दिन क्षमता का, चूरी-राय में 1.6 एमएलडी तथा तुमांग में 1 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट बनाया जा रहा है। प्रस्तावित रोहिणी-करकट्टा ओपन कास्ट माइन के कारण सीसीएल द्वारा तुमांग के धमधमिया में निमार्णाधीन फिल्टर प्लांट पर रोक लगा दिया गया था। बाद में विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ता के बाद फिर से प्रोजेक्ट को



अनुमति दे दी गई। इन तीनों प्लांट से जलापूर्ति शुरू होने के साथ खलारी प्रखंड के आठ पंचायत की आबादी को फिल्टर पानी मिलने लगेगा। पूर्व से बुकबुका में 5.5 मिलियन लीटर प्रति दिन क्षमता का प्लांट लगा है। इससे पांच पंचायत खलारी, बुकबुका, हुटाप, चूरी दक्षिणी व चूरी मध्य के कुछ भाग को जलापूर्ति की जाती है। वहीं लपरा के प्लांट से लपरा, मायापुर व हेसालौंग की आबादी को जलापूर्ति हो सकेगी। चूरी-राय के प्लांट से चूरी मध्य, चूरी पूर्वी, चूरी दक्षिणी तथा राय पंचायत की आबादी को जलापूर्ति हो सकेगी। वहीं धमधमिया में निमार्णाधीन प्लांट से तुमांग व विश्रामपुर के आबादी को जलापूर्ति हो सकेगी। बमने पंचायत में डीपबोर से घर तक नल से पानी पहुंचाया गया है। इन तीनों प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से खलारी प्रखंड के सभी 14 पंचायतों के हर घर को नल से पानी मिलने लगेगा। चूरी-राय प्लांट से जलापूर्ति के लिए दो जगहों विश्वकर्मा मोड़ तथा राय में बड़ा जलमीनार बनाया जा रहा है। इस प्लांट को भी सपही नदी में इंटेक वेल बनाकर पानी आपूर्ति कराया जाएगा। लपरा प्रोजेक्ट के अंतर्गत हेसालौंग व मायापुर में जलमीनार बनाया जा रहा है। लपरा व तुमांग प्रोजेक्ट के लिए दामोदर नदी से पानी लिया जाएगा। पूर्व से बुकबुका के प्लांट को भी सपही नदी से ही पानी आपूर्ति किया जाता है। देखना यह होगा।


# हर ओर खिले सुर्ख पलाश फूल करा रहे हैं हिंदू नववर्ष के आगमन का अहसास



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
गांवों, जंगलों और सड़क किनारे जगह-जगह पर खिले सूर्ख पलाश के और सेमल के फूल इस बात का आभास करा रहे हैं कि हिंदुओं का नव वर्ष आने वाला है। रंगों का त्योहार होली के साथ ही नव वर्ष भी शुरू हो जाएगा। बसंत पंचमी के आते ही खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों और जंगलों में पलाश के फूल प्रकृति की शोभा बढ़ा रहे हैं। इसीलिए कहा जाता है कि पलाश या टेसू के फूल प्रकृति के श्रृंगार हैं और इसके सूर्ख रंग और आकार दीये की तरह होता है। इसकी बनावट के कारण ही अंग्रेजी साहित्यकारों ने इसे फ्लेम ऑफ फोरेस्ट या वन ज्योति की संज्ञा दी है। इन दिनों खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिंहभूम कहीं भी चले जाएं, हर ओर खिले पलाश के फूल बरबस ही आपका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि चैत्र के महीने में प्रकृति भी अपने सुंदरतम रूप में होती है। झारखंड का राजकीय पुष्प भी पलाश ही है। पलाश और सेमल के फूलों का उपयोग होली के दौरान रंग और गुलाल बनाने में किया जाता रहा है। कर्रा रोड खूंटी की रहनेवाले वरिष्ठ पत्रकार अष्ण चौधरी कहते हैं कि भले ही आज के बच्चे केमिकलयुक्त रंगों से होली खेलते हो, पर पहले लोग पलाश और सेमल के फूलों से रंग और गुलाल बनाते थे। रंग बनाने के लिए फूलों को किसी बड़े बर्तन में रात भर आग में पकाया जाता है।

## न्यूज | बॉक्स

### पूर्व थाना प्रभारी को दी गई विदाई



**नामकुम।** नामकुम थाना परिसर में रविवार को तत्कालीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामदेव प्रसाद का विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार वह समाजसेवी सब कांग्रेस के वरीय नेता रमेश पांडे द्वारा शॉल व माला पहनाकर विदाई दी। मौके पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान स्थानीय लोगों का बहुत ही सहयोग रहा है। इस मौके पर शांति समिति के सभी सदस्य मुखिया व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मौके पर समाजसेवी सह कांग्रेस नेता जिला अध्यक्ष रमेश पांडे, मुखिया अनीता तिर्की, अनिल वर्मा, मनोज कुमार सिंह, दुर्गा साहू, सुबोध सिंह टंनटन, सब इंस्पेक्टर अमित दास, मिथुन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### देवघर प्रीडेटर्स सेमीफाइनल में पहुंचा



**रांची।** प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी, फैकल्टी क्रिकेट लीग में देवघर प्रीडेटर्स सेमीफाइनल में शामिल हुआ। रविवार को ग्रुप ए मैच खेला गया। इसमें देवघर बनाम मैकेनिकल चैलेंजर्स के बीच खेला गया। देवघर के कैप्टन अमित ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैकेनिकल चैलेंजर्स ने 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 60 रन बनाया। मैकेनिकल चैलेंजर्स के प्रमोद ने रितविक के साथ पारी की शुरूआत की, लेकिन रितविक ने शून्य में स्कोर को परेशान किए बिना बाहर निकले। प्राम ने 5 चौकों के साथ 32 रन बनाकर पारी को स्थिर किया, लेकिन बाकी मैकेनिकल बल्लेबाज ने योगदान नहीं दिया और त्वरित सत्र में 5 विकेट खो दिए। देवघर के चिराग ने अच्छी तरह से गेंदबाजी की और 2 विकेट लिए। आशीष और पाठक ने एक -एक विकेट लिया। 60 रन के के जवाब में देवघर के सलामी बल्लेबाज चिराग और रामकिशोर ने 42 रन दिए, चिराग ने 5 चौके और रामकिशोर ने 10 रन बनाए। देवघर ने केवल 6.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 61 रन बनाए। चिराग को 32 रनों की बढ़िया खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के रूप में घोषित किया गया और 2 महत्वपूर्ण विकेट भी लिए। आरसी झा ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ने द मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देवघर के चिराग को दिया। दो सेमीफाइनल 8 मार्च को खेले जाएंगे और 9 मार्च को फाइनल में होंगे। सेमीफाइनल 1 - देवघर शिकारियों बनाम इलेक्ट्रोब्लास्टर्स व सेमीफाइनल 2- रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स बनाम रॉयल एडमिन के बीच खेला जाएगा।

### अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



गिरिडीह। झारखंड बिहार के सीमावर्ती इलाकों में इन दिनों माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर अवैध कारोबार का संचालन किया जा रहा है। दोनों राज्यों के सीमावर्ती इलाके का फायदा उठाकर माफिया इसे अंजाम दें रहे हैं। वहीं रविवार को पुलिस ने इसके विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की है। दोनों राज्यों के सीमावर्ती इलाके में स्थित झरनवा जंगल में की गई अफीम की खेती को पुलिस ने विनष्ट किया है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार राज्य के कौवाकोल थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है। बताया जाता है कि जंगली इलाके का फायदा उठाकर कथित माफियाओं द्वारा अफीम की खेती की जा रही थी। इसकी सुचना पर बिहार पुलिस झरनवा जंगल पहुंची और कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती को विनष्ट कर दिया। साथ ही मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। हालांकि मुकदमा किसके खिलाफ दायर किया गया है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इसको लेकर पुलिस अन्य जगहों पर भी छापेमारी कर रही है।

### मलती गांव से युवक लापता



**मांडर।** मांडर के मलती गांव का एक 24 वर्षीय युवक इश्तियाक अंसारी 15 फरवरी से लापता है. परिजनों के अनुसार वह 15 फरवरी को सुबह करीब छह बजे बगैर किसी को कुछ बताए घर से निकला था। उसके बाद उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। उसके लापता हो जाने को लेकर मांडर थाना में सनहा भी दर्ज कराया गया है।

### रातू के डेली मार्केट में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी



**रातू ।** थाना क्षेत्र के चट्टी डेली मार्केट स्थित अनुज्ञप्ति प्रदत्त कंपोजिट सरकारी शराब की दुकान में शनिवार की शाम उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। दुकान के कर्मचारी सुखदेव नगर आर्यपुरी निवासी अभय कुमार सिंह पिता बृजमोहन सिंह और सिल्ली सोसो के विपुल कुमार साहू पिता त्रिलोचन साहू को शराब की बोतल में पानी का मिलावट करते गिरफ्तार कर लिया गया। श्री कुमार ने बताया कि क्षेत्र के ग्राहकों से इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थी। टीम गठित कर दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। जिस समय विभाग के अधिकारी वहां पहुंचे, दोनों आरोपी बोतल की सील तोड़कर, उसमें पानी मिलाते पकड़े गये. इसकी जांच की जा रही है। श्री कुमार ने अनुज्ञप्तिधारी के खिलाफ कार्रवाई के भी संकेत दिए। रविवार को दोनों आरोपी को जेल भेजा जायेगा। इधर, घटना के बाद इलाके के अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप है।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच चेतन शाखा के नेतृत्व में सात दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर संस्था की अध्यक्ष अनु खंडेलवाल क्या नेतृत्व में लगाया गया। शिविर के आखिरी दिन में निःशुल्क प्राणिक हीलिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसके तहत बताया गया कि तन के साथ- साथ मन का स्वस्थ होना भी बहुत जरूरी है। इस भाग दौड़ वाली जिंदगी में सभी मानसिक शांति को भूल ही गए है और टेंशन, डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। इस मानसिक शांति की जरूरत को समझने एवं उसे आपने ज़िंदगी में अपनाना कितना जरूरी है, बताने के लिए इस कैंप का आयोजन किया गया। 35 लोगों ने इसका लाभ उठाया। नीतू अग्रवाल की मदद से शाखा की ओर से हीलिंग कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने रांची से 10 प्राणिक हिलिंग के ट्रेनर और हिलर को बुलाया था। जिन्होंने मिलकर सभी को हीलिंग दी। रामगढ़ के बंधन बैंक्वेट हॉल ,दादी मंदिर के सामने में यह कैंप अच्छे से पूर्ण हुआ।

### तोरपा में लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर



**खूंटी।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया के सौजन्य से रविवार को नगर भवन तोरपा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रांची स्थित तुपुदाना के देवनिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च के चिकित्सकों ने कई रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हर संभव स्वस्थ्य सुविधा मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विधायक ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इसके पूर्व देविनिका अस्पताल के डॉक्टर और अन्य लोगों ने विधायक का स्वागत किया। शिविर में जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने भी अपनी स्वस्थ्य जांच कराई।

### भाजपा की बैठक में सांगठनिक चुनाव को लेकर हुई चर्चा

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय खूंटी में रविवार को संगठनात्मक चुनाव और बूथ समिति पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद वंदे मातरम का गान हुआ। बैठक में प्रदेश मंत्री और जिला चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद तथा संतोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने किया।

श्री मद देवी भागवत कथा का हजारों लोगों ने किया रसपान

# भगवान विष्णु से बड़ा कोई शैव्य नहीं है : देवी रश्मि







**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के महादानी दुर्गा मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री दशभुजी दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ संगीत में श्रीमद् देवी भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को कथा व्यास सद्गुरु रितेश्वर जी महाराज की परम शिष्या देवी रश्मि किशोरी जी ने कहा कि शतचंडी यज्ञ क्या होता है। यज्ञ साक्षात नारायण भगवान होते हैं। विष्णु भगवान से बड़ा कोई शैव्य नहीं है। नारायण सतोगुण के प्रतीक है जबकि शिव सबसे बड़े वैष्णव हैं। उनसे बड़ा कोई वैष्णव नहीं। शिव तमोगुण के प्रतीक हैं। उनका रंग कालों के काल महाकाल होने के कारण काला है। उन्होंने अपने श्री मद देवी भागवत कथा के दौरान कहा कि सतयुग त्रेता युग में मनुष्य के द्वारा कोई भी सम यज्ञ संपन्न होता था तब देवता प्रसन्न होकर पुष्प वर्षा करते हैं लेकिन कलयुग में मनुष्य द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के प्रतिफल के रूप में राधा रानी बरसाने वाली वर्षा जल के रुप में अपना आशिर्वाद प्रदान करती हैं। देवी रश्मि किशोरी ने कहा कि शिव नारायण और नारायण शिव के इतने बड़े भक्त हैं कि उनके गुणों को दोनों एक दूसरे में आत्मसात कर लेते हैं। नारायण श्वेत वर्ण सतोगुण शांति प्रदान करने वाले हैं जबकि शिव कर्पूर गौरम करुणावतारम हैं। अराधना का मतलब है जब कोई व्यक्ति सच्चे मन से सच्ची आस्था और श्रद्धा के साथ भगवान के चरणों में अपने आप को समर्पित कर देता है तब जिस देवता की वह अराधना करता है उस देवता के गुण उसके अंदर समाहित होने लगता है और सामने वाले को उस व्यक्ति के अंदर वह गुण दिखाई देने लगता है।

हत्या या मौत जांच करने में उलझी पुलिस

# मायके वालों ने कहा कि मारपीट से हुई मौत

## ससुराल वालों ने कहा तबीयत बिगड़ने से हुई है मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के मोरहाबादी स्थित कुसुम बिहार निवासी पूर्णिमा चक्रवर्ती की मौत पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल शनिवार को पूर्णिमा चक्रवर्ती की मृत्यु हो गई जिसके बाद पूर्णिमा के सुसराल और मायके वालों की ओर से लगातार आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया। पूर्णिमा के मायके वालों का कहना है ससुराल वालों के तरफ से हमेशा प्रताड़ित किया जाता था। पति सुकुमार चक्रवर्ती नशे में अक्सर मारपीट भी करता था जिस कारण पूर्णिमा हमेशा अपने मां के पास सरायकेला चली जाती थी। पूर्णिमा की मां कौशल्या दास ने बताया कि बेटी के साथ ससुराल में बेरहमी से मारपीट किया जाता था। पूर्णिमा का देवर भी अक्सर प्रताड़ित किया करता था। कई बार विरोध करने



*पूर्णिमा के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है। मृतका के परिवार ने सुखदेवनगर थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है*

पर समझौता करके बेटी को ससुराल लेकर चले जाते थे लेकिन कभी हालात सुधरे नहीं। वहीं पूर्णिमा के परिवार के द्वारा कुछ तस्वीरें दी गई जिसमें पूर्णिमा के बदन पर मारपीट के कई निशान देखे गए हैं। मृतका के ससुराल वालों का कहना है उनपर लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। पूर्णिमा के देवर ने कहा कि कभी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई थी। भाभी की मौत तबियत बिगड़ने के कारण हुई। वहीं पूर्णिमा का ससुराल जिस मोहल्ले में था वहां के लोगों का कहना है मृतका के ससुराल वाले अक्सर उसके साथ मारपीट करते थे। वहीं कई बार चीखने और लड़ाई की आवाजे आती थी। लोगों ने बताया की पूर्णिमा दिन भर घर का काम करती रहती थी। हालांकि पुलिस अपनी जांच कर रही है। पूर्णिमा के शव का पोस्टमार्टम हो चुका है। मृतका के परिवार ने सुखदेवनगर थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सिंङबोंगा की स्तुति से बढ़ता है प्रेम और भाईचाराः धर्मगुरु सोमा कंडीर

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के बांदू गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का पहला शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। डॉ सीताराम मुंडा, राजू पाहन, रोवा भेंगरा, रेशमा मिंजूर और सरोज तोपनो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति और श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम एवं भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच और अहंकार जैसे बुराइयां दूर होती हैं और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है। हमें सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम और भाईचारा के साथ रहना चाहिए। सिङबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु और सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है।

# मिशन संस्थाएं ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कोचांग के गुरुडीह चर्च में रविवार को 150 वर्षीय जुबली मनाई गई और आशा के तीर्थ स्थान के रूप में भी शुभारंभ किया गया। 1875 ई सर्वप्रथम फादर अगुस्तुस स्टॉकमन द्वारा चर्च का शुभारंभ किया गया था। उन्हीं की याद में 150 वर्षीय जुबली वर्ष मनाया गया। इसी के साथ शिक्षा का केंद्र भी खुला। वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय एवं उच्च विद्यालय का संचालन मिशन संस्थान के जरिये सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जहां से ग्रामीण बच्चे हर साल अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इस अवसर पर विशेष रूप मुख्य अतिथि के रूप में आर्चबिशप विंसेंट आईंद ने अपने संदेश में कहा कि फादर अगुस्तुस स्टॉकमन अपने जीवनकाल में मुंडा आदिवासियों के बीच सेवाकाई एवं शिक्षा के प्रसार में अपना जीवन बिताया। बिशप विनय कंडुलना ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मिशन संस्थाएं बड़ी ईमानदारी से शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री शिल्पी स्नेहा तिर्की ने मुंडा लोग बड़े दिल के होते है। उन्होंने हमें रोहतासगढ़ से आते हुए मुड़मा क्षेत्र में बसने के लिए जगह दी।

### फाइलेरिया की दवा का साइड इफेक्ट नहीं : डॉ अभय

**देवघर।** देवीपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कुमार अभय प्रसाद ने रविवार को कहा है कि फाइलेरिया की दवाओं का कोई साइड इफेक्ट् नहीं होता है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाये गए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के दौरान जानकारी मिली थी। 28 फरवरी को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहरीडीह की कुछ छात्राओं को इसकी दवा खाने से पेट दर्द और उल्टी हुईं। उन्होंने बताया कि यह स्कूल देवीपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र जसियाडीह के अंतर्गत आता है। डॉ प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित होती हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्यूस्व एचओ) की ओर से प्रमाणित हैं। यह दवा शरीर में पनप रहे फाइलेरिया संक्रमण को समाप्त करने के लिए खिलाई जाती हैं। जिन व्यक्तियों के शरीर में पहले से फाइलेरिया परजीवी मौजूद होते हैं, उनमें कभी-कभी दवा लेने के बाद कुछ प्रतिक्रियाएं हल्का सिरदर्द, मतली, थकान, खुजली, चकत्ते या शरीर में मामूली असहजता देखी जा सकती है।

# पेसा शासित राज्यों में झारखंड सबसे मुश्किल राज्य में से है : डॉ जलेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
महाराजा मदरा मुंडा व्याख्यानमाला के अंतर्गत ट्राइबल स्टडी सेंटर विकास भारती बिशुनपुर में पेसा कानून 1996 पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई क्षेत्रों के लोग जो पेसा कानून या पंचायतों के साथ कार्य कर रहे हैं उनके विचार आमंत्रित किए गए। आदिवासी छात्र संघ के मुख्य संयोजक डॉ जलेश्वर भगत ने पंचायत के उपबंधों पर तकनीकी रूप से प्रकाश डाला। पेसा के संदर्भ में महाराष्ट्र राज्य का नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए डॉ भगत ने कहा की पेसा शासित राज्यों में झारखंड सबसे मुश्किल राज्य में से है क्योंकि यहां पर अलग अलग समुदायों के अलग अलग निहितार्थ है। इसी कारण नियमों के ना होते हुए भी झारखंड में स्मार्ट सिटी की अवधारना पर कार्य हो रहा है जिसमें 281 अनुसूचित क्षेत्र के गांव को विलोपित किया जाना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पेसा कानून की धारा 4(एम) और 4(ओ) में जनजातीय व्यवस्था स्पस्ट रूप से दिया हुआ है। इसलिए उसी के अनुरूप उपबंधों के विस्तार के लिए जो 22 सदस्यीय कमिटी बनी थी जिसके अहम सदस्य शिबू सोरेन भी थे को मान लेना चाहिए। आईएसडीजी के मुखिया देवाशीष मिश्रा ने कहा कि सरकार में विभिन्न स्तरों पर झारखंड राज्य पंचायत अभिनियम और पेसा कानून को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा किवर्तमान समय में जो प्रारूप चल रहा है उसमें ग्राम सभा की शक्तियां शून्य हो चुकी है। ग्राम सभा में वैधानिक शक्तियां तो है किंतु शासकीय शक्तियां नगन्य है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज व्यवस्था का वर्तमान प्रारूप विशेष ग्राम सभा के वैधानिक व्यवस्था बनने में बाधक बना हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्राइबल स्टडी सेंटर के निदेशक डॉ प्रदीप मुंडा ने कहा की बैठक का उद्देश्य पैसा पर स्थिति को स्पष्ट करना है। साथ ही उन्होंने कहा की सरकार में सक्षम लोगों के माध्यम से इन बातों को रखा जाएगा और पेसा कानून के लागू होने में हो रहे विलंब को समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

